Title: Need to provide passage to the villagers through Defence land acquired in Jodhpur city, Rajasthan - Laid.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर में जोधपुर शहर के आसपास रक्षा मंत्रालय ने काफी जमीन आवाप्त की है। आवाप्त की गयी जमीन के साथ ही रास्ते भी बंद हो गये हैं, जिससे कई गांवों के लोग परेशान हो रहे हैं। आवाप्त भूमि सिर्फ रिहायशी के लिए है। यदि रिहायशी क्षेत्रों के पास के रास्ते ही बंद हो जायेंगे तो गांव की जनता का शहर में आना जाना मुश्किल हो जायेगा।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में जो रास्ते बंद किये गये हैं, उन्हें तुरंत खोला जाये ताकि आम जनता को राहत मिल सके।